an>

Title: Need to take comprehensive measures to control flood and soil erosion in Assam.

SHRI KAMAKHYA PRASAD TASA (JORHAT): Thank you, Madam. I am speaking on behalf of the people of Assam, especially, as the people of Assam are now suffering from flood and erosion.

Erosion has become a problem. हम लोगों का असम बहुत छोटा है, वहां नदियों ने बहुत इरोजन किया। वाटर रिसोर्स डिपार्टमेंट और 'डोनर', दोनों को स्टेट की तरफ से बहुत प्रोजैक्ट्स दिये गये हैं लेकिन अभी तक कोई फंडिंग नहीं हुआ है। इसी करण, पूरे रिवर बैंक्स धंस गए हैं, इरोजन के कारण खत्म हो गये हैं, हम लोग बहुत ट्रबल में हैं, स्टेट गवर्नमेंट ने प्रोवाइड किया है। मैं आपके माध्यम से गवर्नमेंट से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि नदियों की ड्रेजिंग की जाए। जैसे, ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने वाटर वेज किया है, उसको चलाया जाये, शिप चलाया जाये और ड्रेजिंग करने के बाद, इसमें जो फंडिंग्स हैं, उसे असम स्टेट बीयर नहीं कर सकता है। वाटर रिसोर्स डिपार्टमेंट और मिनिस्ट्री ऑफ 'डोनर', दोनों को काम करना चाहिए। 'डोनर' ने अभी तक एक पैसा भी नहीं छोड़ा है। अभी दो माननीय सदस्य उसके बारे में बोलेंगे।

मैं रिक्वेस्ट करता हूं कि आप 'डोनर' को इंस्ट्रक्शन दे दीजिए कि वह इरोजन के लिए पैसा छोड़े और इरोजन रूके, नहीं तो हम लोगों का वहां रहना भी बहुत मुश्किल है। मैंने बहुत बार 'डोनर' मिनिस्टर को चिट्ठी लिखा है, वाटर रिसोर्स मिनिस्टर को भी चिट्ठी लिखा है, कोई काम नहीं किया है। हम लोगों का स्टेट गवर्नमेंट भी नया है।

मैं आपके माध्यम से 'डोनर' मिनिस्ट्री से रिक्वेस्ट करता हूं कि हम लोगों की जो गैप फंडिंग्स हैं, उसमें भी काम करे। मैं यह रिक्वेस्ट करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

HON. SPEAKER :

Kumari Sushmita Dev and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Kamakhya Prasad Tasa.